केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 आ.व.नि.शाहजहांपुर
KENDRIYA VIDYALAYA NO.2, O.C.F, SHAHJAHANPUR
पिन/PIN- 242001
E-Mail ID: kv2ocfspn1stshift@gmail.com
Website: https://no.2shahjahanpur.kvs.ac.in
Contact No. (o) 05842-297715, 280721
CBSE SCHOOL CODE-64016,
AFFILIATION NO: 2100043
UDISE : 09221300703

फा. / केवी-२.ओ.सी.एफ./2021-22/ **दिनांक – 09.03.2022**

प्रतिवेदन

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 8 मार्च 2022 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 ओसीएफ शाहजहांपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री असद अली खान द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय विद्यालय संगठन की सेवानिवृत शिक्षिका सुश्री नीरा श्रीवास्तव के औपचारिक स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में द्वितीय पाली की पीजीटी संगणक - श्रीमती सोनाली ढौंढियाल द्वारा नारी सशक्तिकरण के भाव को प्रकट करती हुई स्वरचित कविता प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात द्वितीय पाली की ही पीजीटी अंग्रेजी - श्रीमती रितु द्वारा नारी अस्मिता, उसके त्याग और सम्मान के भाव पर केंद्रित अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया गया।

प्रथम पाली से पीजीटी अंग्रेजी श्रीमती अल्पना शर्मा द्वारा सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यालय परिवेश में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को सफलता पूर्वक संचालित करवाने में शिक्षिकाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। प्रथम पाली से टीजीटी- सामाजिक विज्ञान श्रीमती रंगेश रत्न शाक्य द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाए जाने का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करते हुए इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि आज के दिन के अलावा, हमेशा ही इस भाव को अंतःकरण में बसाकर कार्य किया जाए तो स्थिति और भी बेहतर होगी।

द्वितीय पाली के प्राथमिक शिक्षक श्री अमन द्वारा मां को समर्पित स्वरचित कविता प्रस्तुत की गई। इस क्रम में श्रीमती अजमी रियासत, पुस्तकालयाध्यक्ष ने भी नारी सशक्तिकरण पर अपनी बात कहते हुए मां को समर्पित शेर कहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री नीरा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका और जिम्मेदारी पर अपनी बात रखते हुए उपस्थित सभी शिक्षिकाओं से अपील की कि आप अपने परिवेश की बालिकाओं तथा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं से कहा कि आप सबके पास बालिकाओं को सशक्त बनाने के लगातर अवसर हैं, जहां आप अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आधी आबादी को उसका हक दिलाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य श्री असद अली खान द्वारा मुख्य अतिथि सुश्री नीरा श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य प्रथम पाली श्री विजय प्रकाश एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं । अपने सारगर्भित वक्तव्य में उन्होंने वर्तमान समय समाज में हुए बदलावों के साथ नारी की क्षमताओं को पहचानने और उसे आगे बढ़ाने के लिए समान अवसर प्रदान करने की बात कही गई। उन्होंने विभिन्न संदर्भ प्रस्तुत करते हुए पुरुषों से नारियों के लिए बराबरी के अवसर उपलब्ध कराने के साथ लैंगिक संवेदनशीलता का ध्यान रखने की अपील की गई। उन्होंने महिलाओं से भी अपने अधिकारों के लिए सशक्त आवाज उठाने और अपनी मेधा से स्वयं को साबित करने जज़्बा प्रस्तुत करते रहने का आह्वान किया ।

कार्यक्रम के अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन श्री विपिन कुमार मौर्य, टीजीटी कार्य अनुभव द्वितीय पाली द्वारा किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रामेंद्र पाल,पीजीटी हिंदी द्वितीय पाली तथा श्री मैराज अहमद, पीजीटी अंग्रेजी प्रथम पाली द्वारा किया गया |

असद
09/03/22

प्राचार्य प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक २
आयुध वस्त्र निर्माणी
शाहजहाँपुर (उ0प्र0)

विश्व महिला दिवस
8 मार्च 2022

महिला